चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने निर्वाचन आयोग पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल तक मांगे सुझाव

मंडला, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया थाए जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओए डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। चुनाव प्रकिया

से संबंधित 28 हितधारक हैंए जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है। जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है। आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियमए 1960य चुनाव संचालन नियमए 1961य माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय.समय पर जारी निर्देशए मैनुअल और हैंडबुक ;ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्धद्ध ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृतए मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 18 को- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मंगलवार 18 मार्च को अपरान्ह 4 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के गोलमेज सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजनैतिक दल नामावली/निर्वाचन से संबंधित अपने सुझावए कठिनाई अथवा अनिराकृत विषयों को विचारार्थ रख सकते हैं। राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष किन्ही कारणों से उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अपने किसी अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में शामिल करा सकते हैं।

किड्जी प्री स्कूल में मनाया होली महोत्सव

मंडला। किड्जी प्रीस्कूल सिविल लाइन्स में होली का रंगारंग उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सीनियर केजी के छात्रों ने एक सुंदर नाटक प्रस्तुत कियाए जिसमें होली के त्यौहार के पीछे की पौराणिक कथा को दर्शाया गया। इसके अलावाए विभिन्न कक्षाओं के नन्हे विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न राज्यों में मनाई जाने वाली होली की झलक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाई। बच्चों को होली से संबंधित विभिन्न कला एवं शिल्प गतिविधियों की जानकारी भी दी गईए जिससे उनकी रचनात्मकता को और अधिक बढ़ावा मिला।

होली एंटी मिलावट अभियान अंतर्गत खाद्य पदार्थों के लिए सैम्पल

खाद्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई

मण्डला, देशबन्धु। होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए शासन के निर्देशानुसार होली एंटी मिलावट अभियान 2025 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन मंडला के द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। त्यौहार में दूध एवं दूध से बने उत्पाद जैसे खोवाए पनीरए घी एवं खाद्य तेलए नमकीनए अनाज तथा अनाज से बने उत्पादों की मांग बढ़ जाती हैए जिससे मिलावट की आशंका अधिक होती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा नगरीय निकायों सहित ग्रामीण क्षेत्रों पर भी विशेष रूप से निगरानी रखी जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा मंडला स्थित गायत्री डेयरी से मावा एवं घीए संध्या होटल महाराजपुर से खोवाए कृष्ण स्वीट्स से खोवे के पेड़ेए

नैनपुर स्थित अग्रवाल स्वीट से मगज लड्डू व कलाकंदए अरिहंत स्वीट्स से मगज लड्डू व रसगुल्लाए घुटास स्थित श्री साई एवं जनरल स्टोर से खाद्य तेलए एम के स्वीट्स एंड बेकरी चाबी से मलाई पेड़ा, पिंडरई स्थित श्री जी रेस्टॉरेंट से खोवा पेड़ाए सुल्तान किराना से खाद्य तेलए निवास स्थित निहाल जनरल स्टोर से नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया गया है। खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थ ढ़ंक कर रखनेए साफ सफाई रखने, पैक्ड पदार्थ की एक्सपायरी डेट चैक कर विक्रय करने एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिए गए हैं।

सुरक्षा प्रशासन के द्वारा आम जनता से भी अपील है कि वह खाद्य सामग्रियों को देखकर एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें, साथ ही पैक्ड खाद्य सामग्रियों की अवसान दिनांक देखकर ही क्रय करें। अवैधानिक गतिविधियां पाई जाने पर प्रशासन को सूचित करें।

सार-समाचार

70 लीटर कच्ची शराब और 7 सौ किलो महुआ लहान जब्त

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी टीम द्वारा मण्डला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहणए परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में वृत मण्डला में ग्राम कारिकोनए इमलीगोहन में मदिरा निर्माण करने वाले अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। हाथ भट्टी कच्ची मदिरा निर्माण करने वाले विभिन्न अड्डों से 70 लीटर कच्ची शराब मूल्य 10500 जप्त किया। 700 किलो लगभग महुआ लहान जप्त कर घटनास्थल पर नष्ट किया। जप्त लहान की अनुमानित कीमत 70000 है। आबकारी बल को देखकर आरोपी भाग गए। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

वूशू खिलाड़ी आशुतोष पर लिखी पत्रिका का मंत्री ने किया विमोचन

मंडला, देशबन्धु। शहर के प्रतिभावान वूशु खिलाड़ी पर लिखी अजेय पत्रिका का विमोचन केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडगरी द्वारा नागपुर में किया गया। बताया गया कि इस पत्रिका में वूशु खिलाड़ी आशुतोष जायसवाल की प्रतिभाओं का उल्लेख किया गया है। बताया गया कि समय.समय में इस पत्रिका में विभिन्न प्रतिभावानए समाजसेवियों को स्थान दिया जाता है। इस अवसर पर वूशु खिलाड़ी आशुतोष जायसवालए उनके पिता विकासए माता ज्योति जायसवाल सहित अन्य पत्रिका से जुड़ी लोग शामिल रहे। गौरतलब है कि हाल ही में आशुतोष जायसवाल मार्शल आर्ट वूशु पर सिवनी जिले मध्यप्रदेश राज्यस्तरीय गोल्ड विजय प्राप्त कर मंडला शहर का नाम ऊंचा किया है।

कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय के रसोई घर का निरीक्षण

मण्डला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय मण्डला में रसोई घर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को दिए जाने वाले भोजन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मरीजों को वितरित किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने मरीजों को बेहतर भोजन दिए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि भोजन पकाते एवं वितरण करते समय साफसफाईए रसोई घर में उपयोग होने वाले कपड़ों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अनाज भण्डारण कक्ष का अवलोकन करते हुए कहा कि भण्डार गृह में उच्च गुणवत्तायुक्त सामग्री उपयोग करें। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित थे।

तीन से कम ऑनलाइन निविदा प्राप्त होने के कारण निरस्त की निविदा

मंडला, देशबन्धु। जिले में आपदा प्रबंधन के सुचारू समन्वय एवं प्रबंधन के लिए कॉल सेंटर के संचालन हेतु जारी निविदा क्रण् 384 11 मार्च 2025 में केवल 2 निविदाकार/प्रतिभागी ही सम्मिलित हुये थेए जनकी तकनीकी निविदा 6 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे निविदा समिति सदस्यों की उपस्थिति में कक्ष क्रण् 30 लोक सेवा प्रबंधन मण्डला में संपन्न की गई थी। सचिव मण्प्रण् शासन सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभागए मंत्रालयए वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ9.20/2021 / अ.73 भोपालए दिनांक 13ण्01ण्2023 द्वारा जारी मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियमए 2015 ;यथा संशोधित.2022 निर्देशों की कंडिका 38 परामर्शदाताओं की छंटनी इच्छुक परामर्शदाताओं से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर निर्धारित अपेक्षाएं पूरी करने वाले परामर्शदाताओं पर आगे विचार करने के लिए उनका चयन किया जाएगा। इस प्रकार चयनित परामर्शदाताओं की संख्या तीन से कम नहीं होगी। मण्डला जिले में आपदा प्रबंधन के सुचारू समन्वय एवं प्रबंधन के लिए क्पेजतपबज क्पेंजमत ब्वउउंदक ंदक ब्वदजतवस ब्मदजतम ;कॉल सेंटरद्ध के संचालन हेतु 3 से कम ऑनलाईन निविदा प्राप्त होने के कारण उक्त निविदा निरस्त की गई है।

सेवानिवृत शासकीय सेवकों का सम्मान और पीपीओ का वितरण

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने माह फरवरी में अलग.अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण किया। कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर जेपी यादवए जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरित किए गए हैं उनमें बीईओ कार्यालय बिछिया शिवकुमार कार्तिकेयए सीईओ जनपद पंचायत कार्यालय घुघरी नफीस अहमदए बीईओ कार्यालय घुघरी दीपकचंद्र वर्माए बीईओ कार्यालय बिछिया झंगलू लाल बल्कोए बीईटो कार्यालय मंडला जगदीश प्रसाद झारियाए अरूण तिवारीए मोतीलाल यादवए ओमप्रकाश हरदहाए सहायक संचालक उद्यान मंडला राजकुमार ठाकुरए बीईओ कार्यालय नैनपुर भुवनेश्वर प्रसाद सिंगरहाए डीएफओ उत्पादन मंडला रमेश कुमार साहूए बीईओ कार्यालय मवई रायसिंह धुर्वेए रानी दुर्गावती कॉलेज मंडला विजेन्द्र कुमार चैरसियाए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय मंडला उदय प्रभाकर कावलेए बीईओ कार्यालय नारायणगंज पहलसिंह मरावीए सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज चिमनलाल गुरडेए रजिस्ट्रार कार्यालय मंडला जामुन सिंह उलाड़ीए महिला एवं बाल विकास विभाग मंडला श्रीमती रेखा शुक्ला एवं श्रीमती सुनिता तिवारीए भूमि संरक्षण विभाग मंडला श्याम कुमार रजक शामिल हैं।

कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

मंडला। जिला योजना भवन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष की समाप्ति के पूर्व सभी प्रकार के वित्तीय लक्ष्य पूर्ण करें। वर्ष की समाप्ति के लिए बहुत ही कम समय शेष हैए इसलिए कार्य की गति बढ़ाएं और लम्बित कार्यों को समय पर पूरा करें। बैठक में राजस्व न्यायालय के प्रकरणए सीएम हेल्पलाईनए आर्थिक सहायताए कृषि मेलाए माईनिंगए सामाजिक न्यायए ई.ऑफिस प्रणालीए ट्राईबल छात्रवृत्तिए पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्तिए रबी उपार्जनए कमिश्नर न्यायालय प्रकरण आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बुधवार को संभाग आयुक्त द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाने वाली समीक्षा के संबंध में एजेंडानुसार विभागीय तैयारियों की जानकारी ली गई।

कलेक्टर ने वितरित किए स्वच्छता एवं पोषण किट

मंडला, देशबन्धु। जिला चिकित्सालय मंडला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका जन्म उत्सव हेतु स्वागतम् लक्ष्मी कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा नवजात बालिकाओं के वस्त्र एवं प्रसूता माताओं को पोषण एवं स्वच्छता किट बांटकर समाज में बालिकाओं के महत्व को रेखांकित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बालिका का जन्म वास्तव में एक उत्सव है। नवजात शिशुओं को 6 माह तक अनिवार्य रूप से स्तनपान कराना चाहिएए जिससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके। इस दौरान सिविल सर्जन डॉण् विजय धुर्वेए जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती शालिनी तिवारीए सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती लीना चैधरीए वन स्टॉप सेंटर प्रशासक मधुलिका उपाध्याय सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। बुधवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक समय पर चिकित्सालय पहुंचकर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। सिविल सर्जन समय.समय पर जिला चिकित्सालय का भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं। कलेक्टर ने ओपीडी कक्ष का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला अस्पताल में दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित थे।

जिला स्तरीय जीपीडीपी समेकन कार्यशाला का आयोजन

जीपीडीपी में शॉर्ट टर्म, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म प्लान्स को शामिल करें : कूमट

मंडला, देशबन्धु। झंकार भवन में एक दिवसीय जिला स्तरीय डीपीडीपी समेकन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान बनाते समय इसे तीन लेवल में विभक्त करना चाहिए। हमें शॉर्ट टर्मए मिड टर्म और लॉन्ग प्लान्स को इसमें शामिल करना होगा। जीपीडीपी केवल निर्माण कार्यों के लिए बनाई जाने वाली योजना नही हैए इसमें बहुत से बिना बजट के सामाजिक कार्यों को भी शामिल करना चाहिए। प्लान करते समय विभागीय बजट के साथ.साथ कन्वरजेन्स के माध्यम से कराए जा सकने वाले कार्यों को भी प्रमुखता से शामिल करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष जीपीडीपी तैयार किया जा रहा हैए लेकिन अभी भी इसमें और अधिक समग्रता की आवश्यकता है। पंचायतों को स्वयं की आय बढ़ाने के लिए योजना बनानी होगी।

साथ में ग्राम स्तरीय बजट पर भी ध्यान देना चाहिए। जैसे वाटर बजटए एनर्जी बजट आदि का समावेशन भी जीपीडीपी में करना चाहिए। आय बढ़ाने के लिए कर वसूली को प्राथमिकता से लेना आवश्यक है। जीपीडीपी की इस कार्यशाला में जिले के 9 विकासखंडों से जनपद स्तरीय अमला तथा प्रत्येक जनपद से चयनित मॉडल पंचायतों के सचिव उपस्थित हुए।

कटंगा माल की सरपंच पार्वती उइके को दिल्ली में आईएसडी ने किया सम्मानित

भुआ बिछिया, देशबन्धु। मंडला जिले के बिछिया विकास खंड की ग्राम पंचायत कटंगा माल की सरपंच, पार्वती उइके को इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी (ढ्ढस्ष्ठ) द्वारा महिला दिन के अवसर पर सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार उनकी पंचायत में समुदाय के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत, और सामने आई समस्याओं से न डरते हुए किए गए प्रयासों के कारण मिला। महिला दिवस के अवसर पर महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का चयन किया गया था, जिसमें पार्वती जी को भारत भर से चुने गए आठ महिलाओं में शामिल किया गया।

पार्वती जी ने पंचायत का नाम दिल्ली में किया रोशन- दिल्ली में आयोजित इस सम्मान समारोह में पार्वती ने अपनी पंचायत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पंचायत में व्यक्तिगत दावा डालने और पट्टा प्राप्त करने की प्रक्रिया में किए गए अपने योगदान के बारे में बताया।

इसके साथ ही, उन्होंने यह भी साझा किया कि गांव में बिजली, पानी और रास्तों की सुविधाओं को अनिवार्य मानते हुए इन समस्याओं को हल करने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। आगे आने वाले दिनों में, वे गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी प्रयास करेंगी ताकि पलायन की समस्या में कमी आ सके।

दिल्ली वापसी पर गांव वालों ने किया पारंपरिक स्वागत- दिल्ली से सम्मान लेकर लौटने पर गांववासियों ने पार्वती जी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। गांव में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर और चावल व हल्दी लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुन्दर सिंह कुम्हरे ने पार्वती जी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यदि भविष्य में कोई मदद की आवश्यकता हो तो वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उपसरपंच लखन सिंह पंद्रे ने पार्वती को उनके कार्यों और पुरस्कार के लिए बधाई दी। पार्वती जी ने इस अवसर पर अपने पति भादू सिंह उइके का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके समर्थन और सहयोग के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुँच पाई हैं।

सात माह से सहायक ग्रेड 2 को नहीं मिला वेतन

मंडला, देशबन्धु। जनपद पंचायत मोहगांव में पदस्थ सहायक ग्रेड कर्मचारी श्रीकांत मोदी को सात माह से वेतन नीं मिले जाने का मामला सामने आया है। जबकि इस मामले को कमिशनर से लेकर कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत के संज्ञान में हैए लेकिन समस्या का अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ है। ये कोई पहला मामला नहीं है ऐसे और भी विभाग के कर्मचारी हैं जिन्हें इस समस्या से जूझना पड़ रहा है कर्मचारियों की वेतन न मिलने से परिवार में भी आर्थिक संकट आ गया है जिससे घर परिवार में कलह उत्पन्न हो रही है। मामला मोहगांव जनपद पंचायत में पदस्थ सहायक ग्रेड 02 को विगत सात माह से वेतन नहीं मिलने से परिवार का भरण पोषण करने में समस्या आने लगी है। आखिर कब तक बगैर वेतन के कर्मचारी अपनी ड्यूटी करेगाघ् पीड़ित ने बताया कि इस गंभीर समस्या का निदान न होने से शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। पीड़ित श्रीकांत मोदी सहायक ग्रेड टू जनपद पंचायत मोहगांव द्वारा कलेक्टर को न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 03393/2025 के संबंध में वेतन भुगतान के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत कर माह अगस्त 2024 से माह फरवरी 2025 तक कुल सात माहों का वेतन भुगतान कराने के लिए लेख किया गया है। उक्त आवेदन प्राप्त के बाद प्रति संलग्न कर विभाग को भेजी गई। सहायक ग्रेड टू के लंबित माहों का वेतन भुगतान नियमानुसार करना सुनिश्चित करें। मेरा वेतन माह अगस्तए सितंबरए अक्टूबरए नवंबर एवं दिसंबर 2024 एवं माह जनवरीए फरवरी 2025 कुल सात माहों का वेतन मुझे न मिलने के कारण उच्च न्यायालय जबलपुर डब्ल्यूपी 03393/2025 को पीड़ित होकर न्यायालय की गुहार लगाई गई है। वर्तमान में कार्यालय जनपद पंचायत मोहगांव में निम्नानुसार कर्मचारी कार्यरत हैं सुरेश गंगवालए देवकांत दुबेए नीलोफर खानए भोजराज झारियाए शैलेन्द्र साहूए सुधीर झारियाए कृष्ण कुमार कछवाहाए महेश आदि जनपद पंचायत मोहगांव में पदस्थ सभी कर्मचारियों को जनपद कोष से प्रत्येक माह भुगतान किया जा रहा है।